भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायू परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र)
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाष: 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल . moef.ddn@gov.in

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT,FOREST & CLIMATE CHANGE
REGIONAL OFFICE (NORTH CENTRAL ZONE)
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

फाईल संख्या RO.DDN/NGT/UK/04/2018/ 1574 दिनांक 30 .10.2018

सेवा में,

अतिरिक्त महानिदेशक (एफ.सी.)
भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
मंत्रालय, जोरबाग रोड़, अलीगंज,
नई दिल्ली–110003

विषयः चारधाम महामार्ग परियोजना से सम्बन्धित प्रकरणों के विषय में आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे आपको यह अवगत कराना है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या RO.DDN/NGT/UK/04/2018/14, दिनांक 04.04.2018 को इस आशय का पत्र निर्गत किया गया था कि चारधाम महामार्ग परियोजना से सम्बन्धित वाद माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण में विचाराधीन है जिससे इस कार्यालय में परियोजना से सम्बन्धित जो प्रस्ताव प्राप्त हुए है उनके विषय में उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का कष्ट करें (प्रतिलिपि संलग्न)। जिसके प्रत्युत्तर में अपर सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (आर0ओ0एच0क्यू0) के पत्र संख्या 10–2/2018–ROHQ, दिनांक 16.04.2018 द्वारा यह अवगत कराया गया है कि जब तक मामला माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण से निर्णित नहीं हो जाता, तब तक इस विषय पर कोई राय देना उचित नहीं होगा (प्रतिलिपि P.No. 207 संलग्न), चूँकि वाद अब दिनांक 26.09.2018 को निर्णित हो चुका है एवं तत्पश्चात् माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रकीर्ण आवेदन संख्या 2678–2680/2018, दिनांक 22.10.2018 को माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के उक्त आदेश पर रोक लगा दी गई है (प्रतिलिपि P.No. 235 संलग्न)। अतः इस विषय पर आपसे निवेदन है कि क्षेत्रीय कार्यालय को उचित दिशा–निर्देश देने का कष्ट करें।

भवदीय,
30/10/18
(पंकज अग्रवाल)
अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक

प्रतिलिपि संलग्न :–

1. श्री राजीव जौहरी, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड़, अलीगंज, नई दिल्ली–110003।
2. डॉ0 रणवीर सिंह, IAS, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून।
3. आदेश पत्रावली।

(पंकज अग्रवाल)
अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक